
# PRANJAL
# WELFARE FOUNDATION

# ANNUAL REPORT
## APRIL 2022 - MARCH 2023



# वार्षिक प्रतिवेदन

## 1 अप्रेल 2022 से 31 मार्च 2023














## प्राँजल वेलफेयर फाउंडेशन, सारंगढ़ (छ.ग.)

(दिव्यांग बच्चों का विशेष विद्यालय सह छात्रावास)

**Email – pranjal13993@rediffmail.com Mo. - 9302310718**

# Pranjal Welfare Foundation : At a Glance

**Organization Establishment :- 06/06/2006**

**Name of the Organization :-**

Pranjal Welfare Foundation

**Type of Organization :-**

Organization Registered under Registration of Society Act, 1973

**Registration Number & Date :-**

13993 - (22/02/2011)

**PAN Number :-**

AAFAP5753P

**NITI AAYOG (NGO DARPAN) Unique ID :–**

CG/2018/0184986

**Contact Address :–**

Pranjal Welfare Foundation

Ward NO-15, Dr. Shyama Prasad Mukharji, Sarangarh

Dist – Sarangarh-Bilaigarh (C.G.)

Pincode – 496445

Email – pranjal13993@rediffmail.com

**Name & Designation of Conatct Person :-**

Smt. Heera Devi Nirala

Chairman

Mo. – 9302310718

**Recognition & Funded Under :-**

Samaj Kalyan Vibhag, C.G.

**क्रमांक/स.क./108/2014/1318 रायपुर, दिनांक 24/07/2014**

हमारी संस्था 2006 को स्थापित की गई है। संस्था नि:षक्तों के लिए विशेष विद्यालय का संचालन कर रही। जिसमें निम्न प्रकार के अवश्यक्ता वाले बच्चों को रखा जाता है –

1. मानसिक मंदता (MR)
2. मस्तिष्क पक्षाघात (CP)
3. मुक बधिर (HI)
4. दृष्टि बाधित (VI)

बच्चों को क्या शिक्षा दी जाए, इस बात को ध्यान में रखकर चेकलिस्ट के द्वारा जांचा जाता है उसी को आधार रखकर बच्चों को शिक्षण–प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे बच्चों को जो नहीं आता उसे सिखाया जा सके, ताकि बच्चे सक्षम हो सके।




"समाज में लानी होगी जाग्रती, दिव्यांगजनों सशक्तिकरण को दीजिये गति ...।।"

**"Drip, Drop, Drip, Drop. This kind of Clock must be stopped."**

**"Don't be mean keep it green."**

**"Live Green, Breath Green, Go Green."**



# संस्था की गतिविधियां

## 1 अप्रेल 2022 से 31 मार्च 2023 तक

### ❖ अप्रेल 2022

- **14/04/22 – अंबेडकर जयंती**

  दिव्यांग बच्चों को बाबा साहब अम्बेडकर के बारे में बताया गया, उनके द्वारा भारत को दिया अमुल्य धरोहर संविधान के बारे में बताया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

### ❖ मई 2022

- **16/05/22 – बुद्ध पुर्णिमा**

  स्कूल के बच्चों एवं स्टाफ को खीर पुड़ी खिलाया गया।

### ❖ जून 2022

- **15/06/22 – शाला प्रवेश उत्सव**

  दिव्यांग नए प्रवेशित बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।





- **21/06/22 – योग दिवस**

  दिव्यांग बच्चों एवं स्टाफ द्वारा योगा किया गया।





## ❖ <u>जूलाई 2022</u>

- **<u>13/07/22 – गुरू पुर्णिमा</u>**

  गुरू पुर्णिमा विद्यालय में मनाया गया गुरू और शिष्य के परम्परा को समझाया गया संस्थापक द्वारा।

## ❖ <u>अगस्त 2022</u>

- **<u>11/08/22 – रक्षा बंधन</u>**

  विद्यालय में रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया गया।





- **<u>15/08/22 – स्वतंत्रता दिवस</u>**

  स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम संस्था में मनाया गया जिसमें ध्वजारोहण नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी अजय बंजारे द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।





- **19/08/22 – कृष्ण जन्माष्टमी**

  संस्था में कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें जलेबी दौड़ भी करवाया गया।





❖ **सितम्बर 2022**

- **05/09/22 – शिक्षक दिवस**

  विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया।





- **09/09/22 – गणेश उत्सव**

  गणेश उत्सव मनाया गया।

- **13/09/22** – विद्यालय के बच्चों ने जिला कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात दि बधाई।



- **17/09/22 – विश्वकर्मा जयंती**

  संस्था में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।

❖ **अक्टूबर 2022**

- **01/10/22 – वृद्धजन दिवस**

  प्रत्येक वर्ष की भांती इस वर्ष भी संस्था में वृद्धजन दिवस मनाया गया। जिसमें सारंगढ़ की विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े एवं गणमान्य नेतागण व साथी एवं संचालक श्रीमती हीरा देवी निराला उपस्थित रहीं। वृद्धजनों को शॉल व श्रीफल देकर सम्मान व आर्शिवाद लिया गया।





- **02/10/22 – गांधी जयंती**

  महात्मा गांधी जयंती संस्था में मनाई गई।

- **05/10/22 – दशहरा पर्व मनाया गया।**

- **17/10/22** – नवीन जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ के समाज कल्याण विभाग के नए उपसंचालक श्री विनय कुमार तिवारी जी की स्वागत–अभिनंदन किया गया।





- **<u>24/10/22 – दिपावली पर्व</u>**

  संस्था में दिपावली का पर्व बड़े ही हर्षोलास के साथ मनाया गया जिसमें फटाके फोड़े गए, दिए जलाए गए, रंगोली बनाई गई।



❖ **<u>नवम्बर 2022</u>**

- **<u>01/11/22 – राज्य उत्सव</u>**

  छत्तीसगढ़ के 33वां जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ बनने के उपलक्ष्य में राज्योत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें संस्था के बच्चों ने भी बढ़चढकर हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तूत किया।







- **<u>08/11/22 – गुरूनानक जयंती</u>**

  संस्था में गुरूनानक जयंती मनाई गई जिसमें बच्चों को पोहा और जलेबी बांटा गया।





- **14/11/22 – बाल दिवस**

  पं. जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## ❖ दिसम्बर 2022

- **03/12/22 – अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस**

  संस्था में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा कई डांस प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सारंगढ़–बिलाईगढ़ की कलेक्टर डॉ. फरीहा आलम सिद्यकी, अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती मोनिका वर्मा उपस्थित रहीं। उनके द्वारा बच्चों को पूरूस्कार वितरण किया गया व शूभेक्छाएं दि गई।






- **18/12/22 – गुरू घासीदास जयंती**

  संस्था के बच्चों द्वारा मोहल्ले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

- **25/12/22 – क्रिसमस डे मनाया गया।**

## ❖ जनवरी 2023

- **01/01/23 – नए साल के पर्व मे संस्था संचालक के द्वारा वृद्धजनों को शॉल व कम्बल देकर मिष्ठान बांटकर मनाया गया एवं बधाई दि गई।**

- **14/01/23 – मकर संक्रांति**

  संस्था में मकर संक्रांति का पर्व बच्चों को तिल के लड्डू बांटकर मनाया गया।

- **<u>26/01/23 – गणतंत्र दिवस</u>**

  संस्था में गणतंत्र दिवस का समारोह ध्वजा रोहण कर राष्ट्रगान कर मनाया गया। सभी को प्रसाद व मिष्ठान बांटा गया। तत्पशाचत सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।





## ❖ फरवरी 2023

- **<u>18/02/23 – महाशिवरात्री</u>**

  संस्था में बच्चों एवं स्टाफ के द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई।

## ❖ मार्च 2023

- **<u>08/03/23</u>** – होली का पर्व बड़े ही धूम–धाम से मनाया गया। सभी लोग डी.जे के गानों में थीरके।





# गतिविधियां

## प्रांजल स्कूल के बच्चों ने जिला कलेक्टर से की सौजन्य मुलाकात

सारंगढ़। सारंगढ़ प्रांजल जन सेवा समिति द्वारा संचालित प्रांजल स्कूल के बच्चों के प्रमुख श्रीमती हीरा देवी निराला एवं बच्चे और स्टॉफ आज सुबह नव निर्मित ज़िला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर श्री डी.राहुल वेंकट एवं सारंगढ़ एस.डी.एम. मोन्किा वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ते भेंट कर बधाई दिए। सारंगढ़ में प्रांजल स्कूल की नींव 2006 में रखी गई थी स्कूल अब 16 वर्ष का हो गया है। प्रांजल जन सेवा समिति सामाजिक संस्था कार्य कर रही है ।यहां वर्तमान में 70 बच्चे इस संस्था में रहकर अपनी विकास कर रहे हैं ।ये बच्चे जन्म से मानसिक रूप से कमजोर और दिव्यांग हैं। यहां रहकर सम्पूर्ण जीवन की शैली और बचपन की खुशहाली का जीवन पढ़ाई -लिखाई के साथ व्यत्तित कर रहे हैं ।यह संस्था एक सामाजिक संस्था है यहां रह रहे बच्चों की खुशी के लिए इस संस्था को अंस दान या सहयोग के रूप में कोई भी सहयोग कर सकते हैं जिससे बच्चों के जीवन में और भी विकास होगा। विगत दिवस कोसीर में आयोजित साहित्य कार्यक्रम में प्रांजल स्कूल की प्रमुख श्रीमती हीरा देवी निराला जी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 'समाज सेवा' पर सम्मानित किया गया है।





## सभापति जिला पंचायत अनिका भारद्वाज ने प्रांजल समिति की दिव्यांग करिश्मा का मनाया जन्मदिन



**बयार/सारंगढ़ 14 सितम्बर।** सारंगढ़ में एकमात्र जनसेवा समिति प्रांजल के नाम से संचालित है जहाँ दिव्यांग बच्चों को सभी प्रकार की शिक्षा दी जाती है जहां करिश्मा नाम की बच्ची का जन्मदिन पर सभापति जिला पंचायत रायगढ़ अनिका बिनोद भारद्वाज ने बच्ची का जन्मदिन मनाया और सभी बच्चों ने तालियों से अनिका भारद्वाज का स्वागत किया जहाँ संस्था प्रमुख हीरा देवी निराला ने अपने भवन का निरक्षण भी कराया साथ ही दानसरा में एक वृद्धाश्रम भी संचालित करने की बात कही उसके लिए अनिका भारद्वाज ने सहायता करने की बात कही साथ ही करिश्मा जो दिव्यांग बच्ची है के जन्मदिन पर बिनोद भारद्वाज अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति, प्रमोद भारद्वाज, गुलशन टांडे, प्रांजल निराला एवं संस्था के सदस्य और सभी बच्चे भी उपस्थित रहे।

## प्रांजल मासिक केन्द्र मे राज्योत्सव कार्यक्रम संपन्न

सारंगढ़। 1 नवंबर 2022 नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का प्रथम राज्योत्सव भव्य रूप से मनाया गया। जिसमे हर विभाग का स्टॉल लगा था। जिसमे हमारे लोकप्रिय विधायक श्रीमती उतरी गनपत जांगड़े मैडम हमारी नगर अध्यक्ष श्रीमती सोनी अजय बंजारे, अरुण मालाकार, सभापति श्रीमति अनिका बिनोद भारद्वाज, एसपी कुकरेजा व एसडीएम मोनिका वर्मा एवं सभी नेतागण, अधिकारी, पुलिस अधिकारी गन द्वारा सभी स्टॉल मे जाकर उस विभाग की जानकारी ली एवं उन्हें शुभेक्षा दिए। तत्पश्चात समाज कल्याण विभाग एवं अंतर्गत कार्य कर रही सेवी संस्था प्रांजल जन सेवा समिति के स्टॉल पर आकर बच्चों, स्टाफ एवं वरिष्ठ जनों से सौजन्य मुलाकात किए, बच्चों द्वारा गुलाब से उनका स्वागत-अभिनंदन किया गया व समाज कल्याण के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किए एवं उपकरणों, ह्रुद्ध कार्ड, पेंशन प्रमाण पत्र का वितरण किए। प्रांजल जन सेवा समिति के बच्चों द्वारा राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम अरपा पैरी के धार राजगीत और भारत की शान हे छत्तीसगढ़ महतारी के गीत पर समा बांधा। सभी आए अतिथि व गणमान्य नागरिकों ने भूरी भूरी प्रशंसा की एवं बच्चों को आशीर्वाद दिए। हमारे जिले के एकमात्र संस्था प्रांजल जन सेवा समिति की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी ने आशीर्वाद दिए।



दैनिक भास्कर — रायगढ़ भास्कर 04-12-2022

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस: बच्चों ने मनमोहक लोक नृत्य की दी प्रस्तुति

**सारंगढ़-बिलाईगढ़** | अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर शनिवार को प्रांजल मानसिक दिव्यांग जन कल्याण समिति व समाज कल्याण विभाग ने कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दकी रही। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने स्वच्छ भारत मिशन थीम पर नृत्य प्रस्तुत किए। साथ ही लोक नृत्य की भी प्रस्तुति दी। कलेक्टर डॉ. सिद्दकी ने बच्चों की सराहना कि और कहा कि ये बच्चे ईश्वर का वरदान हैं, उनका साक्षात रूप ही हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे आगे भी इन बच्चों से मुलाकात करती रहेंगी व अपने स्तर पर जो भी इन बच्चों के लिए सहयोग होगा उस पर वह काम करना चाहूंगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, एसडीएम मोनिका वर्मा, नायब तहसीलदार आयुष तिवारी, सहायक संचालक मुकेश कुर्रे, गोल्डी नायक आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने लोक नृत्य की दी प्रस्तुति।

## एडीएम ने दिव्यांग छात्रा राधा को दिया शिक्षण-प्रशिक्षण सामग्री



**सारंगढ़-बिलाईगढ़ @किरणदूत।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने समाज कल्याण विभाग की अनुदानित संस्था प्रांजल विशेष विद्यालय की मानसिक रूप से दिव्यांग छात्रा कु.राधा को शिक्षण-प्रशिक्षण सामग्री का वितरण किया।

ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग सभी श्रेणी के दिव्यांग जनों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। विभागीय योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को लाभान्वित किए जाने हेतु लगातार योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्री विनय तिवारी, प्रांजल विद्यालय की संचालिका श्रीमती हीरादेवी निराला उपस्थित रही।




## @दिव्यांग बच्चों को अधिकार की दी जानकारी

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सारंगढ़.** शनिवार को रजनीश श्रीवास्तव जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश कुमार अवस्थी अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं नपा अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रांजल मानसिक दिव्यांग जन कल्याण समिति में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशांत कुमार देवांगन व्यवहार न्यायाधीश सारंगढ़ द्वारा दिव्यांग बच्चों को अपने उद्बोधन में थामस एडीसर के जीवन चरित्र को विस्तार से बताया।

दैनिक भास्कर | रायगढ़ भास्कर 17-11-2022

# नगर में हेल्दी वेडनेसडे कार्यक्रम डॉक्टर्स ने किया हेल्थ चेकअप




कार्यक्रम के दौरान मौजूद समिति के सदस्य व अन्य।

भास्कर न्यूज़ | सारंगढ़

नगर के प्रांजल जन सेवा समिति सारंगढ़ में बुधवार को हेल्दी वेडनेसडे का कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, समाज कल्याण विभाग सारंगढ़ के उपसंचालक विनय कुमार तिवारी एवं संस्था की अध्यक्ष हीरा देवी निराला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉक्टरों ने दिव्यांग बच्चों व वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। क्रमशः जिला सारंगढ़ -बिलाईगढ़ का प्रथम राज्योत्सव कार्यक्रम के आयोजन में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए संस्था प्रांजल जन सेवा समिति सारंगढ़ को मोमेंटो व शुभेच्छा देकर पुरस्कृत किया गया है।

# प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी के जन्मदिन पर बँटे फल

## प्रांजल दिव्यांग स्कूल में बांटे गए फल



महाकोशल न्यूज़

सारंगढ़ । नगर के प्रांजल दिव्यांग स्कूल में श्रमजीवी पत्रकार संघ के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह ठाकुर , जिला महासचिव भरत अग्रवाल , जिला कोषाध्यक्ष ओंकार केसरवानी के द्वारा प्रांजल दिव्यांग स्कूल जाकर बच्चों को सेव और संतरा का वितरण कर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी का जन्मदिन मनायें ।

साथ ही साथ स्कूल के निरीक्षण पंजी में निरीक्षण टीप भी लिखें ।

स्कूल की संचालिका श्रीमती हीराबाई निराला के द्वारा स्कूल के भीतर 14 नवंबर बाल दिवस अपने दिव्यांग छात्र छात्राओं के साथ मना रही थी । रोहित महाजन के गाए हुए गीत से सभी के सभी आनंदित एवं हर्षित दिखाई दिए । बच्चे फल पाकर बेहद खुश हुए ।

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं
1 यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास

# Thank You !